## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।






आज दिनांक- 23.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 23.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 23.06.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।


इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 23.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## सड़क सुरक्षा हेतु यातायात महोबा पुलिस की पहल –
## जनपद के प्रमुख स्थलों पर लगाए गए स्पीड लिमिट साइनेज बोर्ड...

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने तथा यातायात व्यवस्था में सुधार लाने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिससे जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जनपद के प्रमुख मार्गों एवं राजमार्गों पर दुर्घटना बाहुल्य स्थलों का चिन्हीकरण कर वहाँ स्पीड लिमिट संकेतक साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन संचालन हेतु प्रेरित किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रभारी यातायात महोबा, श्री सुनील कुमार सिंह को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त मुख्य मार्गों, हाइवे एवं दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर आवश्यक साइनेज बोर्ड लगाए जाएं। उक्त निर्देशों के क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा महोबा मुख्यालय के प्रमुख इंट्री पॉइंट्स तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों जैसे –

- सागर हाइवे (पुलिस लाइन मोड़ के पास)
- हमीरपुर चुंगी / ज्ञानस्थली स्कूल के पास
- कुलपहाड़ रोड (रामनगर तिराहा)
- कलेक्ट्रेट गेट के पास
- पसवारा मोड़ इत्यादि पर स्पीड लिमिट संकेतक बोर्ड लगाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त अन्य चिन्हित स्थलों पर भी शीघ्र ही साइनेज लगाए जाएंगे।

इसके साथ ही यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को कम गति में वाहन चलाने, दो पहिया वाहनों पर हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट के उपयोग एवं अन्य नियमों के पालन हेतु निरंतर जागरूक किया जा रहा है। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही भी की जा रही है।

जनपद महोबा पुलिस आमजन से अपील करती है कि स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

**"सुरक्षित यात्रा, सुगम यातायात – महोबा पुलिस के साथ"**









